हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 फरवरी, 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

1. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा – आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस ए आई को कक्षा 3 से लेकर उन्नत शोध स्तर तक पाठ्यक्रम मे शामिल किया जाएगा ।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा – प्रदेश सरकार विकसित उद्योग, विकसित श्रमिक की नीति पर ध्यान केंद्रित करेगी ।

3. आज महाॠषि दयानंद सरस्वती की जयंती पर कुरुक्षेत्र मे आयोजित राज्यस्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम मे 3000 युवाओं ने सूर्य नमस्कार किया ।

4. केन्द्रीय कर्मचारी एंव मजदूर संघों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का हरियाणा मे कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला , हरियाणा रोडवेज की बसें सामान्य रूप से चली ।

5. हरियाणा सरकार ने ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया – उम्मीदवारों का चयन पूर्ण रूप से सामान्य पात्रता परीक्षा के आधार पर होगा ।

---

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को बढावा दे रही है। दिल्ली में आयोजित भारत बोधन कृत्रिम मेधा सम्मेलन-2026 में उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था में एआई पर तेजी से काम हो रहा है और इसके लिए देश में पर्याप्त युवा प्रतिभाएं मौजूद हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआई को भारत की शिक्षा प्रणाली में कक्षा तीन से लेकर उन्नत शोध स्तर तक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

**क्लास 3 से लेकर एडवांस्ड रिसर्च तक आई को टॉपिक आज रिसर्च इशू अजय मॉडल आज कम्युनिकेशन स्ट्रेटजी ए सिर्फ टेक्नोलॉजी की विषय नहीं है अभी हमने देखा कई सारे स्कूल अपने पढ़ाई में आई तैयारी में बाकी संस्थाक्लाओं से भी आगे जा रहे हैं। टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूशंस उसकी टिप रिसर्च कर रहे हैं, उसकी इनोवेशन कर रहे हैं,उसकी मॉडल बना रहे हैं।**

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार "विकसित उद्योग,विकसित श्रमिक" की नीति पर पर ध्यान केंद्रित करेगी ताकि और अधिक तेजी से राज्य की प्रगति हो सके। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में "इंडस्ट्री -लेबर फ्रेंडली कॉउन्सिल" की प्रथम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री व परिषद के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार उद्योगों को "ईज ऑफ़ डूइंग" तथा श्रमिकों को "ईज ऑफ़ लिविंग" देने की नीति पर काम कर रही हैं। परिषद उद्योगों एवं श्रमिकों से संबंधित सरकार की घोषणाओं की समीक्षा करेगी और श्रमिकों की सुरक्षा, उद्योग-श्रमिक विवाद को सुलझाने, आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों में श्रमिकों के कौशल विकास का उन्नयन करने से संबंधित सुझाव भी देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों की खुशहाली के लिए उद्योगों में निर्बाध काम होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिषद के माध्यम से राज्य के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ाने पर भी विशेष बल रहेगा, क्योंकि उत्पादकता बढ़ने से सकल घरेलू उत्पाद में भी बढ़ौतरी होगी जो कि देश एवं प्रदेश के विकास का मुख्य आधार है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में करीब दो लाख सूक्ष्म एवं मध्यम दर्जे के उद्योग औधयोगिक क्षेत्र से बाहर चल रहे थे जिसके कारण उनको कई प्रकार की सुविधाएँ नहीं मिल पा रही थी। अब प्रदेश सरकार द्वारा गत 25 दिसंबर को जारी किए गए पोर्टल पर अपना पंजीकरण करके ये उद्योग नियमित हो जाएंगे तथा उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ औद्योगिक क्षेत्रों में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से

हरियाणा राज्य औद्योगिक एंव अवसरंचना विकास निगम में भूखंड स्थानांतरित करने में आ रही परेशानियों को भी सुलझा लिया गया है। इसी प्रकार उद्योगपतियों की इ एस आई सी अस्पतालों के लिए जमीन को भी रियायती दरों पर देने के लिए सरकार ने मंजूरी दे दी है। औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों के लिए सस्ती दरों पर डोरमेट्री बनाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में इंडस्ट्रियल एरिया में जगह की कमी को देखते हुए बहुमंजिला पार्किंग भी बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों के लिए वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाने का प्रयास कर रही है ताकि निवेशक प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें। इससे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन "विकसित भारत-2047 " का लक्ष्य हासिल करने में आसानी होगी।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हिसार के नागरिक अस्पताल में डे केयर कैंसर सेंटर में मरीजों का इलाज शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने कल चंडीगढ़ से प्रदेश के 17 और जिलों में डे केयर कैंसर सेंटर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया था। सिविल सर्जन डॉक्टर सपना गहलावत ने बताया कि हिसार नागरिक अस्पताल में डे केयर कैंसर सेंटर में छह बेड का वार्ड तैयार किया गया है।उन्होंने बताया –

---------------------------------------------------------------------------------------------------

आज महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर कुरुक्षेत्र में गीता निकेतन विद्यालय में राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य मौजूद रहे। स्वामी रामदेव ने सब के साथ विद्यालय के परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में करीब 3000 युवाओं ने एकसाथ सूर्य नमस्कार किया। स्वामी रामदेव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा-

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य ने कहा कि पिछले पांच सालों से चल रहे सूर्य नमस्कार अभियान में इस बार 55 लाख लोगों ने पंजीकरण करवाया। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से प्रदेश में सूर्य नमस्कार अभियान की शुरूआत की गई थी, जिसको आज महर्षि दयानंद जयंती के अवसर पर संपन्न किया गया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग द्वारा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 12 जनवरी से लेकर आज तक चले सूर्य नमस्कार अभियान में जिला भिवानी में सात लाख से अधिक लोगों ने भागीदारी की। स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के समापन पर भिवानी के टीआईटी स्कूल और जिंदल स्कूल तोशाम में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

केन्द्रीय कर्मचारी एंव मजदूर संघों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का हरियाणा प्रदेश में कोई विशेष प्रभाव देखने को नहीं मिला। आज राज्य के सभी जिलों में जनजीवन सामान्य रूप से चलता रहा तथा कहीं से भी किसी अप्रिय घटना, तोड़फोड़ या कानून एवं व्यवस्था भंग होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई। प्रदेशभर में स्थिति पूर्णतया शांतिपूर्ण एवं नियंत्रित रही। हरियाणा के पुलिस माह निदेशक अजय सिंघल द्वारा शाम को इस संबंध में पुलिस मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, सभी रेंज के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस आयुक्त तथा जिला पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रदेशभर की कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संभावित परिस्थितियों का आकलन करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट, ठोस एवं समयबद्ध दिशा-निर्देश जारी किए गए।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

अंबाला में भी केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का हरियाणा रोडवेज पर कोई असर देखने को नहीं मिला। अंबाला रोडवेज डिपो की बसें आज भी आम दिनों की तरह सुचारू रूप से संचालित होती रहीं। रोडवेज के महाप्रबंधक अश्वनी कुमार ने बताया कि अंबाला डिपो की सभी बसें निर्धारित समय अनुसार अपने-अपने रूटों पर चली। यात्रियों का आवागमन भी सामान्य रहा ।उन्होंने बताया

कि बस अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वही भारतीय मजदूर संघ ने हड़ताल को समर्थन नहीं दिया। हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ ,से संबंधित भारतीय मजदूर संघ के अंबाला डिपो प्रधान रविंद्र सिंह ने कहा –

----------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार ने ग्रुप 'डी' कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी तथा मेरिट आधारित बनाने के लिए भर्ती नियमों में संशोधन किया है। जो राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा। जारी अधिसूचना के अनुसार अब ग्रुप 'डी' पदों पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन पूर्ण रूप से सामान्य पात्रता परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। जिन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक से कम निर्धारित है, उन्हें छोड़कर अन्य सभी पदों पर चयन पूरी तरह सामान्य पात्रता परीक्षा में प्राप्त अंकों पर आधारित रहेगा। नई व्यवस्था के तहत परीक्षा का पाठ्यक्रम दो भागों में विभाजित रहेगा। पहले भाग में 75 प्रतिशत अंक सामान्य जागरूकता, तर्कशक्ति, मात्रात्मक योग्यता, अंग्रेजी, हिंदी तथा संबंधित विषयों के होंगे, जबकि दूसरे भाग में 25 प्रतिशत अंक हरियाणा के इतिहास, समसामयिक घटनाओं, साहित्य, भूगोल, पर्यावरण और संस्कृति से संबंधित होंगे। प्रश्न पत्र का स्तर माध्यमिक शिक्षा का रहेगा।

----------------------------------------------------------------------------------------------------